# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 13.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत डायल यूपी-112 व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 09 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत डायल यूपी-112 व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 09 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 13.08.2026 को सुबह डायल यूपी-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ऑक्सीजन पार्क के पास एक 09 वर्षीय बच्चा संदिग्ध रुप से भ्रमण करते हुए मिला। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर बच्चे को चौकी मेडिकल कॉलेज लाया गया। बच्चे से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना स्थाई पता थाना बिसंडा क्षेत्रान्तर्गत बताया साथ ही यह भी बताया कि वह अपने परिवार के साथ बांदा शहर में रहता है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा सक्रियता से कार्य करते हुए बच्चे से पूछताछ करते हुए बताए गए जानकारी के अनुसार परिजनों का बंगालीपुरा में रहने की जानकारी प्राप्त हुई तत्पश्चात परिजनों से सम्पर्क कर चौकी मेडिकल कॉलेज बुलाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों से पूछताछ करने पर पाया गया कि बच्चा अपने पिता की डांट से नाराज होकर घर चला गया था। पुलिस द्वारा परिजनों को समझाया गया कि बच्चों को डांटने या कठोर व्यवहार करने के बजाय उन्हें प्यार एवं समझदारी से समझाए तथा उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुने जिससे कि वे अपनी समस्याएं परिवार के साथ सहजता से साझा कर सकें। साथ ही, भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए बच्चे के साथ स्नेहपूर्ण एवं सकारात्मक व्यवहार करने की हिदायत दी गई। परिजनों पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।